पत्र संख्या–26 / विविध–06–33 / 2025 ............................ /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल–02, खगड़िया अंतर्गत तेलिहार जमींदारी बाँध के कि0मी0 6.00 से कि0मी0 7.00 के बीच कटाव निरोधक कार्य एकरारनामा सं0–02SBD/2025-26 दिनांक–22.04.2025 (एजेन्डा सं0–222 / 05 / 2025) के तहत संवेदक MSA CONSTRUCTION PVT. LTD., DIR.- PAWAN KUMAR MISHRA, 170 CHITTARANJAN AVENUE 4th FLOOR, ROOM NO.-4F, KOLKATA, WEST BENGAL, PIN-700007 को कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2025 थी। कार्य की धीमी प्रगति एवं ससमय पूरा करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा विभाग को की गई, तत्पश्चात विभागीय पत्रांक–2639 दिनांक–12.06.2025 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गई।

संवेदक से प्राप्त कारण पृच्छा प्रत्युत्तर के समीक्षोपरांत विभागीय आदेश सं0–3004 दिनांक–02.07.2025 द्वारा संवेदक MSA CONSTRUCTION PVT. LTD., KOLKATA को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया गया।

उक्त डिबार आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया। अपील अभ्यावेदन पर मुख्य अभियंता, समस्तीपुर द्वारा दिनांक–22.11.2025 को प्रतिवेदित किया गया कि विषयांतर्गत कार्य को दिनांक–30.06.2025 को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप पूर्ण कर दिया गया है कार्य से संबंधित प्रपत्र 8 एवं प्रपत्र 9 विभाग में समर्पित किया गया है, मुख्य अभियंता, द्वारा अपीलार्थी को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

मामले के अवलोकनोपरांत पाया गया कि मात्र 23 दिन की अवधि में इतने बड़े कार्य को पूर्ण करने के लिए दिया गया, जो न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। अपीलार्थी से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि निविदा के निस्पादन में विभाग में विलंब हुआ और निस्पादन होने के पश्चात जब उन्हें कार्यादेश दिया गया तो वे एकरारनामा करने के लिए बाध्य थे अन्यथा उनके विरूद्ध विभाग द्वारा सुरक्षित जमा जब्ती एवं अन्य दण्डात्मक कार्रवाई की जाती। अपीलार्थी के उक्त कथन स्वीकार योग्य होने एवं मुख्य अभियंता के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए संवेदक को डिबार से मुक्त करने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में संवेदक MSA CONSTRUCTION PVT. LTD., DIR.- PAWAN KUMAR MISHRA, 170 CHITTARANJAN AVENUE 4th FLOOR, ROOM NO.-4F, KOLKATA, WEST BENGAL, PIN-700007 को विभागीय आदेश सं0–3004 दिनांक–02.07.2025 द्वारा किये गये डिबार आदेश को Set aside किया जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

(18)

ज्ञापांक : 26 / विविध–06–33 / 2025 पटना / दिनांक :................................

प्रतिलिपिः– MSA CONSTRUCTION PVT. LTD., DIR.- PAWAN KUMAR MISHRA, 170 CHITTARANJAN AVENUE 4th FLOOR, ROOM NO.-4F, KOLKATA, WEST BENGAL, PIN-700007 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–33 / 2025 ........ पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–33 / 2025 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामाग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–33 / 2025 7084 पटना, दिनांक : 26.12.25

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 26/12/25
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।